INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 8 (3rd Lang)	Department: Hindi	Date : अक्टूबर 2023
Worksheet No:4	Topic: अर्थग्रहण	Note: File it in your portfolio

निर्देश- दिए गए प्रश्नों के उत्तर अनुच्छेद के आधार पर लिखिए |

सत्य के अनेक रूप होते हैं, इस सिद्धांत को मैं बहुत पसंद करता हूँ। इसी सिद्धांत ने मुझे एक मुसलमान को उसके अपने दृष्टिकोण से और ईसाई को उसके स्वयं के दृष्टिकोण से समझाना सिखाया है। जिन अंधों ने हाथी का अलग-अलग तरह वर्णन किया वे सब अपनी दृष्टि से ठीक थे। एक-दूसरे की दृष्टि से सब गलत थे और जो आदमी हाथी को जानता था उसकी दृष्टि से सही भी थे और गलत भी थे।

जब तक अलग-अलग धर्म मौजूद हैं तब तक प्रत्येक धर्म को किसी विशेष बाह्य चिह्न की आवश्यकता हो सकती है लेकिन जब बाह्य चिह्न आडंबर बन जाते हैं अथवा अपने धर्म को दूसरे धर्मों से अलग बताने के काम आते हैं तब वे त्याग करने लायक हो जाते हैं। सभी धर्मों का उद्देश्य यह होना चाहिए कि वह हिंदू को अधिक अच्छा हिंदू, एक मुसलमान को अधिक अच्छा मुसलमान और एक ईसाई को अधिक अच्छा ईसाई बनाने में मदद करे। अर्थात सभी अच्छे बने दूसरों के लिए हमारी प्रार्थना यह होनी चाहिए- परमात्मा तू उन्हें वह सारा प्रकाश दे जिससे वे अपना सर्वोच्च विकास कर सकें।

(क) लेखक किस सिद्धांत को पसंद करता है?

(i) सत्य के अनेक रूप को

(ii) सत्य का एक रूप को

(iii) सत्य नश्वर होने को

(iv) इनमें से कोई नहीं

(ख) लेखक किस कथा का जिक्र करता है?

(i) अंधों द्वारा बकरी का वर्णन

(ii) अंधों द्वारा हाथी का वर्णन

(iii) अंधों द्वारा आदमी का वर्णन

(iv) अंधों द्वारा ऊँट का वर्णन

(ग) धर्म की अलगाव को दिखाने के लिए किस चीज़ की आवश्यकता होती है?

(i) बाह्य चिह्न की

(ii) सिद्धांत की

(iii) संगठन की

(iv) समर्थकों की

(घ) सभी धर्मों का क्या उद्देश्य होना चाहिए?

(i) हर व्यक्ति अच्छा बने

(ii) धर्म का कट्टर समर्थक बने

(iii) हर व्यक्ति बुरा बने

(iv) हर व्यक्ति लड़ाकू बने

(ङ) लेखक के सिद्धांत ने धर्म को किस दृष्टिकोण से समझाना सिखाया है?

(i) मूर्ख के दृष्टिकोण से

(ii) हाथी के दृष्टिकोण से

(iii) दूसरों के दृष्टिकोण से

(iv) स्वयं के दृष्टिकोण से

(च) जब बाह्य चिह्न आडंबर बन जाते हैं तब वे किस योग्य हो जाते हैं?

(i) त्याग करने लायक

(ii) अपनाने लायक

(iii) सहायता करने लायक

(iv) समर्थन करने लायक

(छ) परमात्मा से हमारी प्रार्थना दूसरों के लिए क्या होनी चाहिए?

(i) सभी गरीब बने

(ii) सभी मूर्ख बने

(iii) सभी अच्छे बने

(iv) सभी बुरे बने

---000---